


विटिल्डा के लिए एक नौकरी

लेखक: कैरलिन और मार्क ब्यूहनर

अनुवाद: मुकेश

विटिल्डा के लिए एक नौकरी



कैरलिन और मार्क ब्यूहनर

मां मॉरिस, जिनकी अलमारियां हमेशा भरी रहती हैं,

और पिता मॉरिस, जो सब कुछ सुखा देते हैं

(चूहों को छोड़कर) को समर्पित।

कैरलिन और मार्क ब्यूहनर




विटिल्डा के घर में मेज़ पर बिल्लियाँ थीं, कुर्सियों पर बिल्लियाँ थीं, सोफ़े पर बिल्लियाँ थीं, किताबों की अलमारियों पर बिल्लियाँ थीं, सीढ़ियों पर बिल्लियाँ थीं, हर तरफ बिल्लियाँ ही बिल्लियाँ थीं !

कोई भी भूखा, आवारा, अनाथ बिल्ली का बच्चा विटिल्डा के दिल और रसोई में अपनी जगह बना लेता था।

विटिल्डा उन सभी से प्यार करती थी।

लेकिन... उन्हें खाना खिलाना मुश्किल होता जा रहा था। उन्हें विटिल्डा का बनाया हुआ चमगादड़ के पंखों का शोरबा या भुना हुआ मेंढ़क पसंद नहीं था, और चूहे तो कब के गायब हो गए थे।





"हमारे पास बस यह आखिरी सूखा चूहा ही बचा है," विटिल्डा चिंतित थी।

"म्याऊँ?" बिल्लियों ने भूख में पूछा।

"अब एक ही रास्ता है," विटिल्डा ने सोचा। "मुझे कोई नौकरी ढूँढ़नी होगी। मैं जाकर आंटी बोर्ट से बात करूँगी। शायद वो मुझे कोई काम दें!"

विटिल्डा ने सैंतालीस कोमल नाकों को चूमा और आंटी बोर्ट के बालों के सैलून की ओर चल पड़ी।


आखिरकार विटिल्डा ने आंटी बोर्ट को अपनी नौकरी के लिए मना ही लिया।

"कृपया श्रीमती हैट्रैक के बालों में कंघी कर दो," आंटी बोर्ट ने बड़बड़ाते हुए कहा।

विटिल्डा कंघी करने लगी। उसने सोचा, यह कितना उबाऊ है, मैं इससे बेहतर कर सकती हूँ।



मिसेज़ हैट्रैक के पतले बालों ने विटिल्डा को मकड़ी के जाल की याद दी। वह बालों में इधर-उधर गांठें बांधने लगी, और देखते ही देखते मिसेज़ हैट्रैक के बाल एक विशाल जाल की तरह फैल गए।



"हम्म्म्मम्म्म्म। कुछ तो छूट गया है," विटिल्डा बुदबुदाई। अपनी जेब में हाथ डालकर, उसने एक छोटी सी काली मकड़ी निकाली और उसे बालों के जाल में सावधानी से रख दिया।

"हिलना मत," उसने चेतावनी दी। श्रीमती हैट्रैक और मकड़ी एकदम स्थिर हो गईं। विटिल्डा ने जाल पर हेयर स्प्रे तब तक छिड़का जब तक कि वह चमकने न लगा।

"खूबसूरत!" वह बोली।

श्रीमती हैट्रैक ने अपनी पत्रिका से नज़रें उठा कर ऊपर देखा।



"ईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईई!
ईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईई!"

वह चिल्लाई.

"विटिल्डा!" आंटी बोर्ट गरजीं, "तुमने यह क्या किया?"



"मुझे तो लगता है कि यह बहुत सुंदर है," विटिल्डा ने अपना बचाव करते हुए कहा।

"तुम्हें नौकरी से निकाल दिया गया है!" आंटी बोर्ट चिल्लाईं।

विटिल्डा उदास होकर घर लौटी। "मुझे नौकरी से निकाल दिया गया है" उसने बिल्लियों से कहा।

"हस्!"

उस दिन वे सभी बहुत भूखी थीं।





विटिल्डा ने अखबार में नौकरी के लिए विज्ञापन खोजे।

बढ़ई? सचिव? कीटनाशक छिड़कने वाले?

"चूहे कहीं के" विटिल्डा बुदबुदाई। फिर जब उसने पढ़ा:

शाम को काम करने के लिए डिलीवरी वाला चाहिए।


उसके पास अपना वाहन होना चाहिए।


डिंगलिंग पिज़्ज़ा में व्यक्तिगत रूप से आवेदन करें।

उसकी आँखें चमक उठीं।

"यह एकदम सही है!" वह मुस्कराई।


विटिल्डा ने हवा में सैंतालीस चुम्बन उड़ाए, उसने अपनी झाड़ू उठाई और बाहर भागी। वह डिंगलिंग के पास रुकी और दूसरे आवेदकों के साथ घबराहट में इंतज़ार करने लगी।





अचानक दरवाज़ा खुला। जो डिंगलिंग बाहर आया, उसने दोनों हाथों में ढेर सारे डिब्बे उठाए हुए थे।

"पकड़ो," जो चिल्लाया। "हर एक को पाँच-पाँच पिज़्ज़ा पहुँचाने हैं। जो सबसे पहले वापस आएगा, उसे काम मिल जाएगा!"



विटिल्डा ने झाड़ू पर हाथ रखा और मंत्रोच्चार किया:

भरी डगर खतरों से तू भटक ना जा।
यहाँ अच्छा सही और बुरा भी है अच्छा।
सफर है ये संघर्ष भरा, हर मोड़ पर जाल बिछा।
डर अपने काबू कर, समय है उड़ने का।




सभी लोग हाथ-पैर मारते हुए, पिज्जा के डिब्बों का ढेर उठाकर अपने-अपने गंतव्य की ओर दौड़ चले।

विटिल्डा रात के अंधेरे में तेज़ी से ऊपर आई। वह हवा में उछलती हुई अपनी सूची के पहले घर की ओर बढ़ी।

श्रीमती पिंक इतनी जल्दी पिज़्ज़ा पाकर हैरान हो गईं।

"असाधारण!" उन्होंने पिज़्ज़ा के पैसे गिनते हुए कहा।



विटिल्डा तेजी से मोहल्ले में सनसनाते हुए मज़ल्स के घर तक पहुंची, उस के बाद सड़क के कोने में ज़िपिट्स के घर तक पहुंची और फिर शहर के दूसरे कोने में मिस्टर बोनी के घर तक उड़ गई।

उसने बार-बार दरवाजा खटखटाया। आखिरकार मिस्टर बोनी दरवाजे पर आ गए।



उन्होंने विटिल्डा के हाथ में एक-एक पैसा डालते हुए फुसफुसाते हुए कहा "शुक्रिया"। विटिल्डा खुशी से नाच उठी।

अखिरकार वह अपनी मंजिल की और बढ़ रही थी।

"बहुत मजा आ रहा है" उसने कहा। "मैं जीत जाऊँगी!"

विटिल्डा जैसे ही वह हवा में ऊपर उठने लगी, उसे एक हल्की सी आवाज़ सुनाई दी। वह हवा में ही ठहर गई।

“म्याऊँ!"

विटिल्डा ने घबरा कर इधर-उधर देखा। एक पेड़ की ऊंचाई पर सफ़ेद रंग के एक टुकड़े पर उसका ध्यान गया।

"ओह, बेचारी!"



तभी नजदीक से उसे एक मोटरसाइकिल की आवाज सुनाई दी। वह डिंगलिंग में नौकरी के लिए कोशिश कर रहे लोगों में से एक था!




"ओह, मैं क्या करूँ?" विटिल्डा घबराई। "अगर मैं इस बिल्ली के बच्चे की मदद करने के लिए रुकी, तो कोई और मुझसे पहले डिंगलिंग पहुँच जाएगा। मैं बाद में वापस आऊँगी...."

“म्याऊँ!"

वह नीचे की तरफ खिसक ने लगी।

विटिल्डा चिल्लाई “हिलो मत, मैं आ रही हूँ।”





विटिल्डा एक नीची डाल पर चढ़ गई। ऊपर की ओर रेंगते हुए टहनियाँ उसके कपड़ों और बालों में फँस गईं।

“म्याऊँ!"

बिल्ली का बच्चा बड़ी-बड़ी, डरी हुई आँखों से विटिल्डा को घूर रहा था।

"यहाँ-यहाँ, बच्ची!" विटिल्डा ऊपर पहुँची। "इधर आओ, बच्ची।" इंच-इंच करके बिल्ली का बच्चा उसकी ओर धीरे-धीरे बढ़ने लगा।

जैसे ही विटिल्डा ने बिल्ली के बच्चे को पकड़ने के लिए हाथ बढ़ाया, अचानक हवा के एक झोंके ने पेड़ को हिला दिया। विटिल्डा और बिल्ली का बच्चा सिर के बल ज़मीन पर गिर पड़े।


"क्या तुम ठीक हो?" विटिल्डा ने पूछा।

"ठीक है!"

"तो चलें!"








सौभाग्य से, आखिरी घर में, श्रीमती नूडल सामने के बरामदे में बुनाई कर रही थीं। विटिल्डा ने पिज़्ज़ा का डिब्बा उनकी गोद में उछाल दिया।

"यह रहा तुम्हारा पिज़्ज़ा!" वह चिल्लाई, और हक्की-बक्की श्रीमती नूडल से पैसे छीनकर, विटिल्डा वापस घूमकर डिंगलिंग की ओर उड़ चली।



विटिल्डा ने कभी इतनी तेज उड़ान नहीं भरी थी।



हवा से उसके बाल और लबादा उड़ने लगे।

कुछ ही सेकंड बाद वह हांफते हुए गिरते पड़ते डिंगलिंग में पहुंची।



उसे देख कर जो का मुँह खुला का खुला रह गया।

"तुमने ये कैसे किया? अभी तो सिर्फ़ पंद्रह मिनट हुए हैं!"

जो ने विटिल्डा की पीठ थपथपाई तो उसकी आँखें चमक उठीं।

"नौकरी तुम्हारी है!" जो चिल्लाया। "लो, पिज़्ज़ा खाओ!"



उस रात विटिल्डा हल्के से लड़खड़ाती हुए अपने घर की सीढ़ियों चढ़ी और दरवाजा खोला।




"मैं घर आ गई हूँ!" उसने गाते हुए कहा। "मुझे नौकरी मिल गई!"

"रम पम् पम्पम्!" अड़तालीस बिल्लियाँ उसकी टाँगों से लिपटने की कोशिश कर रही थीं।



"मुझे यह बहुत पसंद है! और..." विटिल्डा ने डिंगलिंग स्पेशल कॉम्बो को मेज पर रख दिया... "तुम्हें भी यह बहुत पसंद आएगा!"



और उन्हें यह वाकई बहुत पसंद आया।



विटिल्डा को एक नौकरी चाहिए!

सैंतालीस बिल्लियों के पास आखिरी सूखा चूहा बचा है, और उसे कुछ पैसे कमाने हैं। इसलिए विटिल्डा और उसकी दोस्त बिल्लियां अखबार में विज्ञापन देखते हैं और एक बेहतरीन नौकरी ढूंढते हैं—जो के डिंगलिंग पिज़्ज़ा में डिलीवरी करने वाली। परिवहन के लिए अपनी भरोसेमंद झाड़ू के साथ, विटिल्डा शहर की सबसे तेज़ डिलीवरी करने वाली होगी! और उसकी बिल्लियों को स्वादिष्ट डिंगलिंग स्पेशल कॉम्बो पिज़्ज़ा का आनंद मिलेगा!

" एक जीवंत कहानी, जीवंत हास्यपूर्ण चित्रों के साथ, जिसमें एक साधारण, ईमानदार चुड़ैल और उसकी भौंहों वाली मनमोहक बिल्लियों का समूह दिखाया गया है।"

-किर्कस रिव्यूज़

"यह इकठ्ठे पढ़ने के लिए एक अद्भुत किताब है।"

-स्कूल लाइब्रेरी जर्नल



कैरालिन और मार्क ब्यूनर ने बच्चों के लिए कई किताबें लिखी और चित्रित की हैं, जिनमें "द एस्केप ऑफ़ मार्विन द ऐप" और "फैनीज़ ड्रीम" शामिल हैं।

